# यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
# UJVN Limited
**(A Govt. of Uttarakhand Enterprise)**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) सिरकारी भ्योल रूपसीबगड़ परियोजना, तामाधार, मुनस्यारी पिथौरागढ़
Office of the Executive Engineer (Civil), Sirkari Bhyol Roopsiabagar HEP, Temadhar, Munsiyari, Pithoragarh
CIN No.U40101UR2001SGC025866

**भू–अधिग्रहण प्रस्ताव में कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून द्वारा इंगित कमियों का निराकरण**

**विषयः– जनपद–पिथौरागढ. में तहसील मुनस्यारी अन्तर्गत प्रस्तावित सिरकारी भ्योल रुपसियाबगड. जल विद्युत परियोजना के नव निर्माण हेतु 29.997 है0 वन भूमि का यूजेवीएन लिमिटेड को 35 वर्षों की लीज पर दिये जाने के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः–कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून का पत्र संख्या 3099/FP/UK/HYD/119861/2021 दिनांकः देहरादूनः 27 जून, 2022।**

| क्र0सं0 | कमियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पार्ट–I के पैरा A(x)में वन भूमि 29.99 वर्षों हेतु लीज पर लिये जाने की सूचना अपलोड की गयी है जबकि प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–43 लीज अवधि के प्रमाण पत्र में वन भूमि 35 वर्षों की लीज पर ली जानी प्रस्तावित है। संलग्न प्रपत्र के अनुसार सही सूचना प्रस्ताव में अपलोड करें। | ऑनलाईन पार्ट–I के पैरा A(x)में संशोधन कर दिया गया है। |
| 2. | प्रस्ताव के पार्ट–I के पैरा D(i) में Alternate Alignment detail की सही सूचना अपलोड करें। | वैकल्पित समरेखणों के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र प्रारूप संख्या–9 जो कि प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 26 में संलग्न है। |
| 3. | प्रस्ताव में ऑनलाईन भरे गये पैरा E में परियोजना निर्माण से 1000 पद सृजित होना अंकित किया गया है। कृपया स्पष्ट कि क्या परियोजना निर्माण से वास्तविक रुप से 1000 पदों का सृजन हो रहा है या नहीं। उक्त सम्बन्ध में स्पष्ट सूचना प्रेषित करने का कष्ट करें। | प्रस्तावित परियोजना के निर्माण से अनुमानित 100 विभागीय पदों का सृजन होगा तथा 900 पदों (कुशल, अर्धकुशल तथा अकुशल) को परियोजना निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु तैनात किया जाना अनुमानित है। ऑनलाईन भरे गये पार्ट–I के पैरा E में परियोजना निर्माण से सृजित होने वाले पदों की संख्या को संसोधित कर 100 पद कर दिया गया है। |
| 4. | प्रस्ताव में संलग्न विषय सूची के अनुसार सम्बन्धित प्रपत्रों को उनके नाम के साथ पृथक से ऑनलाईन पार्ट–I के additional information में अपलोड करने का कष्ट करें। | सभी प्रपत्र ऑनलाईन पार्ट–I के additional information में अपलोड कर दी गयीं हैं। |

03/08/22

अधिशासी अभियन्ता (जानपद)
सि0भ्यो0रूप0परि0,यू0जे0वि0एन0लि0
मुनस्यारी, पिथौरागढ़

| | | |
|---|---|---|
| 5. | प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की DSS Analysis की रिपोर्ट अपलोड नहीं की गयी है। | प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग द्वारा पार्ट–2 में अपलोड की जाने की जानी अपेक्षित है। |
| 6. | प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की सूची में वृक्षों का वैज्ञानिक नाम, सामान्य नाम एवं इंग्लिश नाम सहित व्यासवार एवं प्रजातिवार सूची प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें। | प्रस्ताव में संलग्न प्रभावित वृक्षों का विवरण सामान्य नाम व्यासवार एवं प्रजातिवार सूची प्रारूप–15.4 पृष्ठ सं0 40 में संलग्न है एवं वृक्षों के वैज्ञानिक नाम व इंग्लिश नाम दर्शाकर प्रस्तुत किये जा रहे हैं। (प्रति संलग्न) |
| 7. | प्रस्तावित परियोजना का विस्तृत कैट प्लान ऑनलाईन अपलोड करते हुये प्रस्ताव संलग्न करें। | परियोजना का विस्तृत कैट प्लान प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग पिथौरागढ. द्वारा तैयार किया जा रहा है।(पत्र की प्रति संलग्न) |
| 8. | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–33 में लाभान्वित ग्रामों की संख्या–7 अंकित की गयी है, जबकि ऑनलाईन भरे गये पार्ट–I में लाभान्वित ग्रामों की संख्या–01 दर्शायी गयी है। कृपया प्रस्ताव में लाभान्वित ग्रामों की सही संख्या अपलोड करें। | प्रस्तावित परियोजना केवल एक ग्राम की वन पंचायत साईंभाट के अन्तर्गत ही आ रही है। ऑनलाईन भरे गये पार्ट–I के B-2.3 में केवल 01 ग्राम साईंभाट को दर्शाया गया है, चूंकि परियोजना की सभी संरचनायें केवल 01 ग्राम की वन पंचायत साईंभाट की भूमि पर ही प्रस्तावित हैं। प्रपत्र–33 की सूची में दर्शाये गये 07 गांव प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र के आस पास के वो गांव हैं जिनको परियोजना के निर्माण से लाभ प्राप्त होगा। अतः उन्हें लाभान्वित की सूची में रखा गया है। |
| 9. | प्रस्ताव में वन अधिकार अधिनियम, 2005 से सम्बन्धित उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक का कार्यवृत्त संलग्न नहीं किया गया है। कृपया वन अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख एवं आम सभा के अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न करें। | प्रस्ताव में वन अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित उपखण्ड स्तरीय समिति मुनस्यारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रारूप–22, पृष्ठ सं0 52 में संलग्न है। एवं वन अधिकार अधिनियम, 2006 से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख एवं आम सभा के अनापत्तिप्रमाण पत्र, प्रपत्र सं0 23 और 24, पृष्ठ सं0 53 से 107 तक प्रस्ताव में संलग्न हैं। |
| 10. | प्रस्तावित परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें। | प्रोपोजल सं0 IA/UK/RIV/130432/2019 Dated:- Jan 19, 2021 के द्वारा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया जा चुका है। तथा MoEF की EAC कमेटी के द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है। |
| 11. | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–16 में 03 बांज वृक्षों का पातन निहित है। प्रस्ताव में वन संरक्षक द्वारा भरे जाने वाले प्रमाण–पत्र में वन संरक्षक के हस्ताक्षर अपेक्षित हैं। | प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–16 में वन संरक्षक कार्यालय द्वारा कार्यवाही अपेक्षित है। |

08/08/22

अधिशासी अभियन्ता (जानपद)
सि0भ्यो0रूप0परि0,यू0जे0वि0एन0लि0
मुनस्यारी, पिथौरागढ़

(चारू लोहानी)
अधिशासी अभियन्ता